सूर्योदय 6.15AM सूर्यास्त 06.04PM
चंद्रोदय 6.32AM चंद्रास्त 06.20PM
आश्विन-17 कृष्ण- 13
सूर्य राशि : कन्या
तिथि: प्रतिपदा 02:58PM
नक्षत्र: हस्त 03:32PM
योग: इन्द्र 04:24AM
करण: किंस्तुघ्न 01:38PM

वर्ष : 6 अंक : 4 मूल्य : 4 रु.
RNI No. -DELHIN/2019/78266
newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

मदरलैण्ड वॉइस

गुरुवार, 3 अक्टूबर 2024
राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र
दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

सीएसआईआर-सीरी में स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया

» मदरलैंड संवाददाता

संस्थान के निदेशक डॉ पंचारिया ने सहकर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई

पिलानी। भारत सरकार एवं सीएसआईआर के निदेशांनुसार सीरी संस्थान में महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री पं. लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती को स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर भारत सरकार द्वारा 4 वर्ष पूर्व आरंभ किए गए विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने सहकर्मियों को स्वच्छता शपथ दिलाई और राष्ट्र के परिप्रेक्ष्य में स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। डॉ पंचारिया के नेतृत्व में संस्थान के सहकर्मियों ने सामुदायिक कर्तव्य का निर्वहन करते हुए संस्थान परिसर के नेहरू उद्यान एवं सीरी एवं बिट्स-पिलानी के बीच स्थित गौरव पथ पर भी स्वैच्छिक श्रमदान किया एवं विद्याविहार नगरपालिका क्षेत्र में आने वाली दो बड़ी नालियों की सफाई के साथ उसके किनारे लगी अनावश्यक घास-फूस व

झाड़ियों को भी हटाया। संस्थान के मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी रमेश बौरा ने बताया कि इस स्वैच्छिक श्रमदान अभियान में संस्थान के वैज्ञानिकों एवं अन्य कार्मिकों के साथ उनके परिजनों ने भी उत्साहपूर्वक अपना सहयोग एवं योगदान दिया। अंत में पीएमई प्रमुख प्रमोद तंवर, प्रधान वैज्ञानिक ने इस राष्ट्रीय अभियान में अपना सहयोग देने के लिए सभी सहकर्मियों एवं उनके परिजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने बागवानी अनुभाग के प्रभारी डॉ आर के सिंह और संस्थान के स्वच्छता प्रहरी किशन लाल एवं उनकी टीम की मुक्त कंठ से सराहना की।